## सार-समाचार

### पर्स लूट की वारदात करने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सुखेर थाना पुलिस ने दिन दहाडे दुपहिया वाहन पर सवार युवती का पर्स लूट की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित रिशिता भालावत पुत्री मनोज भालावत निवासी कांकरोली राजसमन्द हॉल यूनिवर्सीटी रोड़ ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 3 जुलाई को मै अपने मित्र के साथ स्कूटी पर सुखिाडिया सर्कल से घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते शौभागपुरा सर्कल के पास पिछे से बाइक पर आए तीन लडके मेरा पर्स छिन ले गए। पर्स में 5 हजार रूपये नपकद, आधार व पेन कार्ड थे।इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीतसिंह के सुपरविजन में सुखेर थानाधिकारी संजय शर्मा के नेतृत्व में गठित दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर देलवाडा राजसमन्द से हिम्मतलाल व सायफन चौराहा से पंकज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय मे पेश कर रिमाण्ड पर लिया हैं। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### पद्मावत समाज की बैठक आयोजित

**भीम, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र के बरार ठााम पंचायत अंतर्गत देवराज नगर में पद्मावत समाज की बैठक जेठसिंह की अध्यक्षता में रविवार को आयोजित हुई। पदमावत समाज अन्य सहायक समाज की संयुक्त बैठक में पदमावत, लाखावत, वैरावत, माणकात, आदि थोको में किसी भी सामाजिक समारोह में डीजे बजाने जाने की पूर्ण पाबंदी का निर्णय सर्वसहमति लिया गया। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य हमीरसिंह, डाऊसिंह, बन्नासिंह, रामसिंह हुकम सिंह नरपत सिंह जितेंद्रसिंह किशनसिंह अर्जुनसिंह शंकरसिंह, मोहनसिंह ,दूधसिंह, भंवरसिंह बाबूसिंह कानसिंह जगदेव सिंह देवीसिंह, रूप सिंह हीरा सिंह गोविंद सिंह मोहन सिंह आदि सहित सैकड़ों समाज बंधु मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**मंडफिया, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 में स्थापना दिवस के उपलक्ष में मंडफिया नगर इकाई द्वारा स्थानीय श्री सांवलिया जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंडफिया में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। विद्यार्थी परिषद के राधे सुथार ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्तदान हुआ। इस मौके पर कपासन विधायक अर्जुन लाल जीनगर, भादसोड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह चौहान, एडवोकेट अर्जुन वैष्णव, कंवल लाल गुर्जर, जिला संयोजक कमल प्रजापत, राधे सुथार, लोकेश जांगिड़, गोपाल गुर्जर, रवि तिवारी, चेतन खटीक सहित कई एबीवीपी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जमीन का इकरार कर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जमीन विक्रय का इकरार कर नकदी प्राप्त कर पीडित को रजिस्ट्री नहीं करवाने पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हिम्मत पुत्र नोंजीराम मीणा निवासी लई ने नाथू पुत्र धर्मा मीणा निवासी लई के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि वर्ष 2019 में आरोपी से जमीन खरीदने का 10 लाख में सौदा तय होने पर 2 लाख 56 हजार रूपये का 17 दिसंबर 2019 को भुगतान कर इकरार किया। शेष नकदी का भुगतान करने पर रजिस्ट्री कराने को कहा तो आरोपी ने आनाकानी करना शुरू कर दिया। इस सबंध में पडताल की तो 25 मई 2023 को पता चला कि आरोपी ने उक्त जमीन किसी अन्य व्यक्ति को दान कर दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### धोखे से बाइक हड़पने का प्रकरण दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** किराए पर बाइक ली गई बाइक वापस जमा नहीं करवाने पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित चिंतामणरी की घाटी रावजी का हाटा निवासी जितेन्द्रसिंह पुत्र रामसिंह चौहान ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं उदियापोल पर मामा भाजना ट्यूर्स ट्रावेल्स के नाम से कारोबार है। अज्ञात आरोपी 6 जुलाई रात में बाइक किराए पर लेने आया। इनकार किया तो उसने जल्द ही वापस लाकर बाइक जलमा करानेका आश्वासन दिया।इस पर आरोपी ने अपना आधार कार्ड व लाईसेंस दिया तो मैने अपनी निजी बुलट बाइक सौंप दी। निर्धारित समय पर नहींलौटने पर फोन किया तो मोबाईल स्वीच ऑफ था।इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। अधार कार्ड में राजेश पुत्र वीरमजी निवासी चोमू बाडेमर अंकितहै। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### आठ मोबाइल व एसेसरीज बरामद

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने दुकान का ताला तोड़ कर मोबाईल व सामान चोरी करने के मामले में विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर उसके कब्जे से 8 मोबाईल व अन्य एसेसरीजल जब्त की। प्रकरण के अनुसार 14 जनवरी 2023 को ओमाराम पुत्र रामलाल निवाीस जालोर हॉल बडगांव ने पुसिल थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी बडगांव में देवी मोबाईल के नाम से दुकान है। रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर मोबाईल व एसेसरीज नकदी चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवनभूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मजीतसिंह के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में गठित दल ने तकनीकी अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन किया। पूछताछ में उसके कब्जे से आठ मोबाईल व एसेसरीज जब्त की। पुलिस ने अन्य आरोपियों को नामजद कर उनकी तलाश शुरू की।

### महिला का पर्स छीना

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ महिला का पर्स छिन ले जाने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकारी केअनुसर पीडिता ऑचल पुत्री अशोक चौहान निवासी चित्रकुट नगर भुवाणा ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। कि मैं 7 जुलाई सांय बैक से ड्यूटी खत्म होने पर पैदल चेतक की तरफ जा रही थी। जहां बीच रास्ते लोक कला मण्डल रोड़ पर आया बाइक सावार बदमाश हाथ से पर्स छिन ले गया। पर्स में करीब 1200 रूपये नकदी, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी व बाइक चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर सदर थाना क्षेत्र के घुघरा में सूने मकान से अज्ञात चोर 20 लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण सहित नगदी व 2 बाइक चुरा एक बार फिर से पुलिस गश्त के दावों व आमजन में विश्वास व अपराधियो में भय के स्लोगन पर भारी पडें। वारदात की घटना के समय गांव में लगे सीसीटीवी फुटेज में सन्दिग्ध लोग नजर आए। गाव में चोरी की वारदात के बाद ग्रामीणजन में नाराजगी के साथ जिले में आपराधिक घटनाओं को लेकर आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार घुघरा गांव निवासी रामलाल पुत्र कचरू पंचाल

■ **सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध, ग्रामीणों में मामले को लेकर तीव्र रोष**

शनिवार शाम को अपनी पत्नी और बेटा के साथ साथ ससुराल परिजनों को मिलने गया था। रामलाल घर के आगे ही दुकान में सोने चांदी का काम करता है। रात को आज्ञात चोरों ने सूना मकान देखकर घर को निशाना बनाया और घर मे रखे तकरीबन 20 लाख के गहनो के साथ नगदी पर अपना हाथ साफ किया। घटना की भनक रविवार सुबह पडोसियों ने उठने पर घर का दरवाजा खुला और घर के ताले टूटे होने व घर में सामान बिखरा होने पर लगी। जिसकी सूचना पडोसियों ने रामलाल को दी। जिस पर वह गांव लौटा। घर मालिक के पहुचने के बाद मौका मुआयना करने पर अलमारी से 35 तोला सोने के जेवरात, 1 किलो चांदी के गहने, और करीब 15 से 2० हजार रुपए नकदी पर चोरों द्वारा हाथ साफ करने का अनुमान लगा। जिस पर पीडित द्वारा सदर थाना पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची ओर मौका मुआयना किया। पीडित परिजन व पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर चोरों द्वारा बाइक का लॉक तोडते दिखाई दिए तो वही चोर गांव के कचरू पटेल और नरेश नाई के घर के बाहर खडी बाइक चोरी कर ले गए। लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों को पकडने की मांग की।

इस अवसर पर पुर्व सरपंच कमल कोटेड, बंशीलाल कटारा, खेमराज यादव, धुलेश्वर डोडियार, सुमित पंचाल, चन्दु यादव, नटवर यादव, बंशीलाल कलाल, देवचंद पंचाल मोतीलाल सहित ने मौके पर पहुची पुलिस के समक्ष आक्रोश व्यक्त कीया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।



घुघरा में चोरी के वारदात के बाद बिखरा पड़ा सामान।


## डॉ जोशी को सौंपा मांग पत्र

**राजसमंद,(निसं)।** जिला तेली समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली, जिलाध्यक्ष बंशीलाल पंचोली, प्रदेश सचिव रजनीकांत साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण हाडा के नेतृत्व में तेल घाणी बोर्ड गठन करने की मांग को लेकर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने कहा हम आजादी के इतने वर्ष बाद भी पिछडी जातियों में आते है। समाज ने विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी से आग्रह किया कि अगर आप हमारी जाति का तेल घाणी बोर्ड बनाते हैं तो हमारे समाज के व्यक्तियों को बहुत बडी आर्थिक सहायता प्राप्त होगी और समाज हमेशा आपका ऋणी रहेगा। इस बोर्ड के गठन से हमारा समाज आर्थिक रूप से सशक्त होगा। इस दौरान राजसमंद शहर अध्यक्ष कमलेश मेहरानिया, प्रकाश गुलानिया, गणेश गुलानिया, बंशीलाल अदिरिया, गणेश मेहरानिया, बृजेश पंडियार, नाथूलाल जूनिवाल, मगन सुवासिया सहित समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पूर्व विधायक भीण्डर ने ग्रामीणों से किया संवाद

**भीण्डर, (निसं)।** जनता सेना की जन संवाद यात्रा रविवार को पाणुंद पंचायत के विभिन्न गांवों में पहुंची। यहां ऐसे कई गांव हैं जो आजादी के बाद से अभी तक सड़क की बाट जोह रहे है। पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने कच्चे, पथरीले, दूर्गम रास्तों से होते हुए जब गांव में पहुंचे तो ठाामीणों ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार कोई नेता हमारी समस्या जानने आया है।

हमारे गांव की सबसे बड़ी समस्या ही ये हैं कि मुख्य सड़क से गांव तक सड़क नहीं बनी है। भीण्डर ने विश्वास दिलाया कि सरकार आने दो आपके गांवों को सड़कों से जोड़ देंगे। इसके अलावा गांव में कई ठाामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।यात्रा के दौरान कजोड़िया गांव में ग्रामीण ने कहा कि कोई राहत नहीं मिल रही है। गारंटी कार्ड घर पर पड़े हुए है चूहे कुतर रहे है। कांठोस सरकार से कोई राहत नहीं मिल रही है। हमारे क्षेत्र के गांवों में सिलेण्डर भी नहीं मिले है।जन संवाद यात्रा के दौरान महिलाओं ने दीपेंद्र कुंवर भीण्डर को बताया कि पेयजल के लिए परेशान होना पडता है। कांठोस सरकार और इनके नेता चाहते ही नहीं कि आपके गांवों का विकास हो। महिलाओं ने कहा कि पहली बार हमारे घर तक समस्या सुनने के लिए नेता आएं है।जन संवाद यात्रा रविवार को पाणुंद पंचायत के पीपलापानी, भिखावनिया, धोलाखाया, कजोड़िया, भग्गड़, खाखरासोडा, खेराखेत, पेमलाकुडी, उमरनाडा, मोकण, राणा तलाब, भदेरीयातलाई, ढीमरा, पाणुंद आदि गांवों में पहुंची। इनमें से कई गांव ऐसे थे जहां सड़क और रास्ते भी नहीं थे। यात्रा के दौरान पाणुंद इकाई अध्यक्ष शंकर लाल औदिच्य, उप सरपंच प्रेमशंकर पतावत, युवा अध्यक्ष तुलसी राम औदिच्य, मांगीलाल वेद, पूर्व अध्यक्ष शंकर वेद, राजेन्द्र सिंह भिखावनिया, कालुलाल, निरंजन पेमलाकुई आदि उपस्थित थे।



पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने जन संवाद यात्रा के दौरान ग्रामीणों से संवाद किया।

# के.के. गुप्ता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**उदयपुर, (कासं)।** देश के सभी विद्यालयों में सैनिक शिक्षा अनिवार्य किए जाने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण भारत सरकार एनएसएससी सदस्य तथा प्रदेश भाजपा संयोजक एसबीएम केके गुप्ता ने पत्र लिखा है।

पत्र मे आग्रह किया गया है कि हमारे देश के सभी विद्यालयों में युवाओं के लिए सैनिक शिक्षा अनिवार्य की जानी चाहिए। सैनिक शिक्षा से विद्यार्थियों में स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, बहादुरी, अनुशासन तथा बंधुत्व का भाव अपने-आप आ जाएगा। सैनिक शिक्षा उनमें देश-प्रेम और राष्ट्रीयता को भी पुष्ट करेगी। वे आदर्शवाद के साँचे में ढल सकते हैं। इस प्रकार वे सभ्य, सुसंस्कृत और व्यवस्थित समाज की रचना में अपना पूरा योगदान कर सकते हैं। सैनिक शिक्षा कई दृष्टियों से उपयोगी और जीवन के लिए महत्वपूर्ण होती है। इससे सेवा, त्याग, बलिदान और निष्ठा जैसे महान् गुणों को बढावा मिलता है और साथ ही आवश्यकता पडने पर देश को विदेशी हमलों से बचाने के लिए प्रशिक्षित सैनिक उपलब्ध हो जाते हैं। सैनिक शिक्षा को अनिवार्य बनाकर हमें निष्ठावान युवाओं की एक ऐसी फौज मिल जायेगी जो आवश्यकता पडने पर दुश्मन के विरुद्ध अजेय चट्टान तो होगी ही, शांति के समय अनेक प्रकार के आतंकवाद, हिंसा, महामारी, आदि को रोकने में भी योगदान कर सकेगी।

पत्र मे बताया कि सैनिक शिक्षा से विद्यार्थियों में स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता, बहादुरी, अनुशासन तथा बंधुत्व का भाव अपने-आप आ जाएगा। सैनिक शिक्षा उनमें देश-प्रेम और राष्ट्रीयता को भी पुष्ट करेगी। वे आदर्शवाद के साँचे में ढल सकते हैं। इस प्रकार वे सभ्य, सुसंस्कृत और व्यवस्थित समाज की रचना में अपना पूरा योगदान कर सकते हैं। अगर हम बडे पैमाने पर देखें तो आज का विद्यार्थी अनुशासनहीन होता जा रहा है। इस अनुशासनहीनता से निपटने के लिए शिक्षकों का प्रयास व्यर्थ हो रहा है। बडे-बडे प्रयोग किए जा रहे हैं, किंतु कुछ भी कारगर सिद्ध नहीं हो रहा है। ऐसे में विद्यालयों में सैनिक शिक्षा की अनिवार्यता ही समस्या का एकमात्र समाधान है। इससे हमारे देश को ऐसे नागरिक प्राप्त होंगे जो आदर्श और अनुशासन के नियमों के पालन को ही अपना धर्म मानेंगे। इससे स्वतः एक व्यवस्थित समाज की रचना हो जाएगी।

पत्र मे बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के सर्वांगीण विकास तथा सुरक्षा के लिए गत 9 वर्षों में अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं तथा इसी कडी में देश में राजकीय सेवाओं में जाने के लिए आवेदकों के लिए सैनिक प्रशिक्षण एक वांछित योग्यता रखी जाए तथा सैन्य प्रशिक्षित नौजवानों को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दी जाए। विद्यालयों में वैसे तो एनसीसी इत्यादि की व्यवस्था की गई है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भाव एवं कर्तव्य भावना भरना है, परंतु इसे अनिवार्य नहीं किया गया है।



## वाहन रैली निकाली

**राजसमंद,(निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 75वें स्थापना दिवस पर भव्य वाहन रैली निकाल कर स्थापना दिवस मनाया। एबीवीपी के जिला सयोंजक देवेश पालीवाल ने बताया कि परिषद प्रतिवर्ष स्थापना दिवस को भव्य रूप में मनाती है, इसी निमित इस 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर कांकरोली के विवेकानंद चौराहा से लेकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए राजनगर फव्वारा चौक तक रैली का आयोजन किया। रैली फव्वारा चौक पर पहुंचने के बाद सभा में तब्दील हो गई। इस पश्चात सभा को प्रांत उपाध्यक्ष पारस टांक ने संबोधित करते हुए कहा कि एबीवीपी ने अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूरे किए हैं इस यात्रा को विद्यार्थी परिषद राष्ट्र पुनर्निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए अनवरत इसी ऊर्जा के साथ प्रवाहमान रखेगी। विभाग सयोंजक किशन गुर्जर ने भी संबोधित किया। रैली के संयोजक मंगलसिंह चौहान व गोपाल कुमावत ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रान्त पदाधिकारी भगवतसिंह चारण, जिला समिति सदस्य विक्रम सिंह, अजय सिंह, नगर संयोजक केलवा रोहित, आमेट दिनेश प्रजापत, प्रमिला सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वामी विवेकानंद प्रतिमा का अनावरण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने जनता से अपील की कि वो किसी भी भावनात्मक बात पर तह तक जाएं और सच्चाई तक पहुंचने का धर्म निभाते हुए अपने कर्त्तव्यों का पालन करें। बामनिया शहर के मोहन कॉलोनी चौराहे पर नगर परिषद् की ओर से स्थापित की गयी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के अनावरण समारोह को मुख्य अतिथि पद से संबोधित कर रहे थे। बामनिया ने कहा कि बात विकास की हो या धर्म की हमें तथ्यों तक जाना होगा।

उन्होंने कहा कि अगर हम गाय के नाम पर वोट मांगते हैं तो गाय की रक्षा करना भी हमारा धर्म और जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आस्था के केन्द्रों का विकास करने का वे जिम्मेदारी और प्रण दोनों ही लेते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका चुनाव में जो वायदे किये गये थे उन्हें निभाया जा रहा है। आज कुशलबाग मैदान का स्वरुप बदल रहा है एक हजार लोगों की क्षमता वाला रंगमंच निर्मित हो रहा है। खेल स्टेडियम को आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले लोग ताने देते थे कि डूंगरपुर का विकास हो रहा है तब हमने वायदा किया था कि हम बांसवाड़ा को वो रुप देंगे कि डूंगरपुर और उदयपुर के लोग इसे देखने आयेंगे। उन्होंने कहा कि थोडी सी सहनशीलता रखने की जरुरत है शीघ्र ही शहर में 24 घंटे पानी और बिजली मिलेगा। उन्होंने बताया कि एसपी चौराहे का भी स्वरुप बदला गया। घाटा कटिंग से अब चौराहे पर खडे होकर डायलाब तक नजर डाली जा सकती है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में साथ देना विपक्ष की भी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर रामधाम देवल मेडता पीठाधीश्वर रामकिशोर महाराज ने कहा कि सामाजिक, धार्मिक और राजनैतिक कार्य एक-दूसरे से जुडे हुए हैं। राजा, महाराजा भी संतों के पास जाते थे। धर्म का राजनीति से संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास होना शुभ संकेत है। विवेकानंद जैसे महापुरुष की प्रतिमा स्थापित होने से लोगों को मानवता का संदेश मिलेगा। उन्होंने रामद्वारा में आयोजित होने वाली गतिविधियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर बतौर अतिथि जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोहनलाल मेहता, संत ज्ञानेश्वर, बडा रामद्वारा के संत रामप्रकाश, राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य शैलेन्द्र भट्ट, पूर्व सभापति राजेश टेलर, जगदीश जोशी मौजूद रहे।

प्रारंभ में सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि तमिलनाडू में प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की जिस प्रतिमा का अनावरण किया था उसी स्वरुप की प्रतिमा स्थापित की गयी है। उन्होंने बताया कि पूर्व में स्थापित प्रतिमा की पट्टीका में लगे नामों को भी नई प्रतिमा की पट्टी में लिखा गया है। सभापति ने कहा हम विकास करते हैं लेकिन राजनीति नहीं।

■ **'विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित होने से लोगों को मानवता का संदेश मिलेगा'**




मोहन कॉलोनी चौराहे पर राज्यमंत्री अर्जुन सिंह बामनिया ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया।

## सार-समाचार

### उपकारागृह का किया निरीक्षण



**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वाधान एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीएल बुगालिया द्वारा प्रदान किए गए निर्देशों की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सूत्रकार द्वारा उप कारागृह सागवाडा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल निरुद्ध 107 बंदीगण से वार्ता कर जेल में मिलने वाली सुख सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई तथा बंदीगण को निःशुल्क विधिक सहायता, पीडित प्रतिकर स्कीम, पर्यावरण संरक्षण आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एक बंदी ने पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त करने में स्वयं को असमर्थ बताया तथा निःशुल्क विधिक सहायता चाही जिस पर बंदी का मौके पर ही निःशुल्क विधिक सहायता का आवेदन भरवाया गया। इस अवसर पर सचिव सुत्रकार ने जेल परिसर में पौधारोपण भी किया।

### कलेक्टर ने परिवेदनाएं सुनी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला कलक्टर प्रकाशचंद्र शर्मा जनसमस्याओं के समाधान के प्रति कितना संवेदनशील और प्रतिबद्ध है इसका उदाहरण दिखाई दिया जब परिवादियों के आगमन की सूचना पाकर अवकाश के बावजूद वे कलेक्ट्रेट पहुंचे और परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित समाधान के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए। सामुदायिक परिवेदना को लेकर बडोदिया कस्बे के कुछ ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और स्थानीय स्टाफ से संपर्क किया जब कलक्टर को परिवादियों के पहुंचने की जानकारी मिली तो वे तत्काल कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर गांव के प्रवीण शर्मा के साथ बडोदिया के श्री विश्वकर्मा मंदिर विकास समिति के पदाधिकारी पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि बडोदिया गांव के मुख्य बस स्टैंड पर पुलिस चौकी के पीछे स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर से सटे मुख्य मार्ग पर एक व्यक्ति ने हठधर्मिता दिखाते हुए अतिक्रमण कर मुख्य मार्ग पर अनाधिकृत निर्माण कर बंद कर दिया है जबकि रिकार्ड में यहां 15 फीट का आम रास्ता है। संबंधित व्यक्ति द्वारा राजस्व रिकार्ड में दर्ज अपनी कृषि भूमि पर दुकानों के निर्माण के माध्यम से यह मुख्य मार्ग बंद किया है जिससे वर्षा जल प्रवाह भी बाधित हुआ है। पूरे मोहल्ले का पानी श्री विश्वकर्मा मंदिर और यहां पर संचालित एक निजी स्कूल के परिसर सहित पूरे मार्ग पर एकत्र हो रहा है। पिछले दिनों हुई वर्षा के बाद लगभग दो दिनों तक इस पूरे मार्ग पर पानी भरा रहा और इससे मोहल्लेवासी, श्रद्धालु और विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह परिवेदना सितंबर 2०22 से लंबित है क्योंकि इस संबंध में 21 सितंबर 2०22 को बागीदौरा उपखंड अधिकारी कार्यालय में ग्रामीणों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर तथा इसके बाद पुनः 27 मई 2०23 को बडोदिया में आयोजित महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर में बागीदौरा उपखंड अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से प्रार्थना पत्र दिया था। उस दौरान उपखंड अधिकारी द्वारा संबंधित पटवारी गिरदावर और तहसीलदार को जांच रिपोर्ट पेश करने और जल प्रवाह बाधित होने पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे लेकिन आज तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

### स्थापना दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।** महावीर इंटरनेशनल के 49 वे स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार को महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय शाखा द्वारा सिमलवाडा रोड पर स्थित श्री महावीर गौ कल्याण गौशाला में वृक्षारोपण एवं गौशाला में निवासरत गायों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद के सभापति अमृत कलासुआ, विशिष्ट अतिथि एडीजे पदेन सचिव जिला विधिक सहायता प्राधिकरण कुलदीप सूत्रकार एवं जिला पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ दिनेश बामनिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने समस्त अतिथियों का माला एवं उपरना ओढा कर स्वागत और अभिनंदन किया। जैन ने बताया की मानसून के प्रारंभ में इस बार 12 फीट ऊंचाई के वृक्षों का रोपण किया जा रहा है। सभी पौधे फलदार एवं छायादार वृक्षों के लगाए जा रहे हैं। गौशाला में वर्तमान में 21० गाये है उनकी चिकित्सकीय जांच एवं टीकाकरण शिविर राजकीय पशु चल चिकित्सा इकाई के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है। मुख्य अतिथि अमृत कलासुआ ने एमआई के कार्यक्रमो की प्रशंसा करते हुए बताया की वे स्वयं एमआई के विविध सेवा कार्यों से लंबे समय से जुडे हुए हैं और वह संस्था के निस्वार्थ सेवा भाव से प्रभावित है।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के सांसरपुर गाँव के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तो वही बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर घायल हो गए। दोनों घायल युवको को डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार माल चौकी गाँव निवासी मुन्ना पुत्र लक्ष्मण, बादामी पुत्र पेमा बुझ और अर्जुन पुत्र चेतन बुझ तीनो बाइक पर सवार होकर पाडली से अपने गाँव माल चौकी जा रहे थे। इस दौरान सांसरपुर गाँव के पास ऊंडादरा पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मुन्ना की मौत हो गई। जबकि बादामी और अर्जुन दोनों गंभीर घायल हो गए। इधर सुचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 1०8 एम्बुलेंस की मदद से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती करवाया गया। वही पुलिस ने मृतक युवक के शव को मोर्चरी में रखवाया है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान की मांग

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राव गोपाल सिंह आसोलिया और प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी ने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक से ब्लॉक खैरवाडा और नयागांव के प्रारंभिक शिक्षा के तृतीय श्रेणी शिक्षकगणों का अप्रैल माह से बकाया वेतन तत्काल दिलाने की मांग की हैं। सत्र 2022-2023 में मिडिल से सीनियर में क्रमोन्नत विद्यालयों के प्रारंभिक शिक्षा के तृतीय श्रेणी शिक्षकगणों का मामला हैं। पलसिया, वागपुर, परबीला, चित्तौडा, नगर सहित जो इनके साथ रैज हुए सभी विद्यालयों का मामला हैं। इस वेदना से शिक्षकगण आर्थिक झंझावतों से जूझ रहे हैं। आसोलिया एवं जोशी ने विभाग से शीघ्र वेतन भुगतान की कठोरता से मांग की हैं। उदयपुर जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राव,डूंगरपुर जिला अध्यक्ष आकृति पंचाल, खैरवाडा ब्लॉक अध्यक्ष रजनीश जैन, नयागांव ब्लॉक अध्यक्ष भूपेश कुमार पटेल, ऋषभदेव ब्लॉक अध्यक्ष रेणु लट्टा, सुबोध कुमार जैन, कृष्ण चंद्र दशोरा, शांतिलाल चौबीसा की उपस्थिति रही।

### म्यूरल आर्ट कार्यशाला का समापन

**उदयपुर, (कासं)।** विशेष बच्चों के लिए आयोजित दो दिवसीय म्यूरल आर्ट कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। अभिलाषा विद्यालय के स्पेशल विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया तथा इस कला की बारीकियां जानी।पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि म्यूरल कैंप में आए वरिष्ठ चित्रकार रवींद्रन एवं अनिल द्वारा इस कला की बारीकियां सिखाई गई।

## सामूहिक सुंदरकांड

**उदयपुर, (कासं)।** सरदार स्वरुप श्यामजी मांझी मंदिर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा सभी भक्तजन, धर्मप्रेमी के सहयोग से श्री श्री 1008 भूपाल विजय हनुमान जी, सरदार स्वरूप श्यामजी मांझी मंदिर परिसर, चांदपोल बाहर ,उदयपुर पर शनिवार, 6 बजे से 9.30 तक सामूहिक सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ आशापुरा सत्संग मंडली द्वारा किया गया।

**सूचनार्थ**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण राजस्थान के पत्र क्रमांक N0- F1(4) /SEIAA/SEAC-Raj/ Sectt/Project/Cat.B1(22661)/2022-23 / Jaipur दिनांक 7 जुलाई 2023 द्वारा श्री खेम सिंह राव पिता श्री भूर सिंह राव निवासी मानावत कॉलोनी, खाम की मादड़ी, रख्यावल, तहसील मावली जिला उदयपुर (राज.) मे स्थित खनन पट्टा संख्या 13/2018 वास्ते खनिज क्वार्टज, फेल्सपार क्षेत्रफल 3.8789 के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उपरोक्त स्वीकृति पत्र को(SEIAA) राजस्थान के वेबसाइट (http://parivesh.nic.in) एवं राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल उदयपुर के कार्यालय में देखा जा सकता है। खेम सिंह